सार-समाचार

भामाशाह ने गदा व खेल सामग्री भेंट की

जालोर में आर्य वीर दल को जागरवाल दानदाता परिवार ने दो गदा व खेल सामग्री भेंट की। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। दानदाता राजूसिंह, तेजसिंह, संजय सिंह जागरवाल ने बुधवार को आर्य वीर दल जालौर को दो गदा एवं खेल उपकरण भेंट किये। आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि वरिष्ठ आर्य वीर शिवदत्त आर्य के शिष्य डूड़सी निवासी समुंदर सिंह जागरवाल की प्रेरणा से ग्राम डूड़सी निवासी समाज सेवी एवं दानदाता राजूसिंह, तेजसिंह, संजय सिंह जागरवाल पुत्र स्वर्गीय शंकरसिंह जागरवाल ने दो गदा एवं खेल सामग्री भेंट की। आर्य वीर दल के संरक्षक दलपत सिंह आर्य, संचालक प्रशांत सिंह , कोषाध्यक्ष विनोद आर्य, संगङ्गन मंत्री कांतिलाल आर्य, भरत मेघवाल, शाखा नायक कन्हैयालाल मिश्रा, गणपत आर्य, जगदीश आर्य, छगन आर्य , छगननाथ, मोहनलाल आर्य, वरुण शर्मा, वुशू कोच देवेश आर्य सहित आर्य वीरों ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

डॉ. प्रियांक भार्गव ने कार्य संभाला

डॉ. प्रियांक भार्गव

जोधपुर, (कासं) । एम्स दिल्ली से एमबीबीएस, एमएस सर्जरी डॉ प्रियांक भार्गव ने बुधवार को डॉ. एस. एन.मेडिकल कॉलेज के मथुरादास माथुर अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। डॉ प्रियांक एमसीएच यूरोलॉजी में एम्स जोधपुर से गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं। डॉ प्रियांक को एन्डोयूरोलॉजी, लेपरोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल है। जोधपुर से शिक्षा हासिल करने के बाद अपने ही शहर में सेवाएं देने को डॉ प्रियांक अपना सौभाग्य मानते हैं। जोधपुर निवासी डॉ प्रियांक के पिता डॉ. सी. एस. भार्गव फिजिशियन और माता डॉ. शुचि भार्गव स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं।

यादव ने गिरदावरी का जायजा लिया

बालोतरा, (निसं)। जिला कलैक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने मंगलवार को पचपदरा तहसील के पटवार मण्ड़ल मूंगड़ा, रामसीन और पचपदरा में पटवारियों द्वारा की जा रही खरीफ फसल की ऑनलाइन गिरदावरी का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलैक्टर यादव ने विभिन्न खसरों में मौके पर संबंधित पटवारियों द्वारा गिरदावरी ऐप से की जा रही गिरदावरी की प्रक्रिया को जाना साथ ही गिरदावरी में आ रही तकनीकी समस्याओं की जानकारी भी ली। उसके पश्चात जिला कलैक्टर ने तहसील कार्यालय पचपदरा की विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव और भवन की स्थिति के साथ ही जन सुविधा से जुड़ी समस्याओं को बारीकी से जांच पड़ताल की। उन्होंने तहसील परिसर में स्थित आपूर्ति विभाग, रिकॉर्ड़ रूम, तहसीलदार कोर्ट के साथ कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर अभिलेखों को पूरी तरह अपड़ेट रखने के साथ ही लंबित वाद और जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाले ग्रामीणों के कार्यों को प्रमुखता से किया जाए, ग्रामीणों को छोटे-मोटे कार्यों के लिए बार-बार भटकना नहीं पड़े। उन्होंने खरीफ फसल खराबे के ड़ीएमआईएस पोर्टल की प्रगति की रिपोर्ट ली।

जैन समाज ने जुलूस निकाला

पाली, (नि.सं.)। जीरावाला मित्र मंड़ल रोटी बैंक के तत्वाधान में बुधवार को पर्यूषण पर्व के चलते महावीर स्वामी के 14 सपना जी का जुलूस हाथी घोड़ा मंदिर से बैंड़ बाजा के साथ भगवान के 14 स्वपन झूले हाथी घोड़े शंख चक्र अपने सिर पर उठाकर महिलाएं बाजार से होकर राणा प्रताप चौक रोटी बैंक पहुंच कर सपना जी बैठाए गए। जिनके दर्शनों के लिए शाम को जैन समाज बंधु पहुंचे। रात्रि में भक्ति संध्या का आयोजन भी हुआ गुरुवार को भी यहां पर कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम मैं आयोजन आनंद कवाड़, राजू भाई मेड़तिया, आई सी जैन, रोशन लाल सेमलानी, लखपत भंड़ारी, महावीर बोकाड़िया प्रमोद कोठारी, महेंद्र तलेसरा गौरव मेड़तिया के साथ महिला मंड़ल की कंचन देवी, शोभा देवी, चेतना कटारिया, आशा भंड़ारी, मीना देवी, दिव्या कवाड़, दिव्या सेमलानी, कमला देवी, दीप्ति मेड़तिया का सहयोग रहा।

छह माह से फरार इनामी आरोपी पकड़ा

जोधपुर, बाप(कासं)। अफीम की खेती करने वाले छह माह से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी अपराधी को फलोदी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरार आरोपी के खेत से 2470 अफीम के पौधे बरामद हुए थे। फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि अवैध डोडा-पोस्त के पौधे लगाने के आरोप में पिछले छह माह से फरार इनामी आरोपी नोख थानान्तर्गत करनेवाला निवासी रिछपाल विश्नोई पुत्र जुगताराम को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उसके खिलाफ गत 26 फरवरी को नोख थानाधिकारी मनोज कुमार मय जाब्ता ने सरहद करनेवाला में कार्रवाई कर 2470 अवैध अफीम के पौधे बरामद किए थे। उस दौरान आरोपी फरार हो गया था। उसके विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। बाद में उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक फलोदी द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम रखा गया था।

वार्ड पार्षदों ने धरने की चेतावनी दी

रेवदर, (निसं)। ग्राम पंचायत रेवदर के सदस्य कस्बे में हो रही अव्यवस्थाओं के खिलाफ धरने की चेतावनी देते हुए विकास अधिकारी आवडदान चारण को ज्ञापन सौपा एवं धरने की अनुमति मँगी गई। वार्ड सदस्य बलवंत मेघवाल और गोदाराम चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सडको को सही कराने पंचायत ने क्षतिपूर्ति राशि ली लेकिन आज दिन तक सडके सही नहीं कराई गई । निजी मोबाईल टेलीकॉम कंपनी द्वारा नियम विरूद्ध पंचायत से अनापत्ति लेकर जगह जगह सडके खोद दी एवं सडके आज दिन तक सही नहीं कराई गई।

शेखासर सहित कई गांव अंधेरे में

बाप. (निसं)। उप तहसील मुख्यालय शेखासर दो दिन से अंधेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों की लापरवाही के चलते बिजली बंद पड़ी है। शेखासर के अलावा ग्राम पंचायत मुख्यालय भाखरिया व अखाधना में भी 2 दिन से बिजली नही है। बिजली के अभाव में लोगो को खासी परेशानी उठानी पड रही है। शेखासर निवासी अल्लादीन सहित कई ग्रामीणो ने रोष जताते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी व कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे। इस समय बाबा रामदेव का मेला भी चल रहा है। हजारों की तादाद में बाबा के जातरू शेखासर होकर निकल रहे है।

ढालोप प्रकरण में राजपूत समाज के लोगों का प्रदर्शन, सांसद का पुतला फूंका

पाली, (नि.सं.)। पाली जिले के ढालोप गांव में 16 जुलाई को जमीन विवाद को लेकर प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर विवाद बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से बिना नोटिस के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में बुधवार को राजपूत समाज संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान राजपूत समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट के बाहर सांसद पीपी चौधरी का पुतला फूंका। फिर धरना दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेड्स लगाकर रोका। पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की, झड़प हो गई। हालांकि इसके बाद समिति के प्रतिनिधिमंडल ने संभगीय आयुक्त को 4 पेज का ज्ञापन सौंपा, जिसमें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही कलेक्टर को एपीओ करने की मांग की गई।

गौरतलब है कि ढालोप गांव में 16 जुलाई को जमीन विवाद को लेकर प्लॉट पर मौजूद एक पक्ष पर दूसरे पक्ष ने हमला कर दिया था।

घटना में प्लॉट पर मौजूद लोग घायल हो गए। उन्होंने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। पुलिस और प्रशासन ने अतिक्रमण तोड़ने से पहले किसी प्रकार का नोटिस नहीं दिया, जिसका लेकर राजपूत समाज ने पहले रैली निकाली, फिर संभागीय आयुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे।

पाली जिले के ढालोप गांव में 16 जुलाई को जमीन विवाद व बिना नोटिस के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में राजपूत समाज संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

राजपूत समाज संघर्ष समिति के गजेन्द्र सिंह कालवी ने कहा कि ढालोप गांव में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दबाव में आकर की। उन्होंने बिना किसी तरह का नोटिस दिए कार्रवाई की जो गलत है। इससे पूरे राजपूत समाज में रोष है।

उन्होंने कहा कि जिस भूखंड का विवाद है, वह भूखंड खरीदशुदा है। उस विवाद को लेकर जो मारपीट हुई उसमें दोषियों को पुलिस पकड़कर कानून के जरिए सजा दिलाएं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें कोई ऐतराज नहीं, लेकिन कुछ नेताओं के दबाव में आकर जो चारदीवारी तोड़ने की कार्रवाई बिना किसी तरह का नोटिस दिए की गई, जिसका हम विरोध करते है।

राजपूत समाज संघर्ष समिति के अजयपाल सिंह हेमावास ने बताया- इंद्रा कॉलोनी स्थित राजपूत समाज के छात्रावास से सभी रैली के रूप से रवाना हुए। जो नहर पुलिया, लोढ़ा स्कूल, सूरजपोल, अहिंसा सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां सभा को राजपूत समाज के वक्ता संबोधित कर रहे है। उसके बाद अपनी मांगों को लेकर संभागीय आयुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे।

उन्होंने बताया कि रैली शांतिपूर्ण ढंग से निकाली गई है।

हालांकि संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपने के दौरान पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। जिससे भीड़ भड़क उठी और पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान धक्का-मुक्की और जमकर नारेबाजी की। मामले में मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

भूखंड विवाद का ऐसे चला घटनाक्रम

16 जुलाई 2024 को देसूरी थाना क्षेत्र के ढालोप गांव में प्लॉट के विवाद में हेमाराम चौधरी और उसके परिवार पर पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने हमला किया। हमले में हेमाराम गंभीर घायल हो गया था। जिन्हें जोधपुर रेफर किया गया था।

24 जुलाई 2024 को घटना के विरोध में सीरवी समाज के लोग रैली के रूप में ऑफिस पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी।

29 अगस्त 2024 को घटना के 45 दिन बाद भी आरोपियों के गिरफ्तार नहीं किए जाने के विरोध में सीरवी समाज के लोग रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और उठा प्रदर्शन किया। देसूरी थाने के तीन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने, आरोपियों के अतिक्रमण की जांच कर उन्हें हटाने और उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम जोधपुर से बुलाने के आश्वासन के बाद सीरवी समाज ने धरना समाप्त किया था।

30 अगस्त 2024 को ढालोप ग्राम पंचायत के पदमपुरा गांव में प्रशासन की टीम ने कार्रवाई कर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण चिह्नित कर उसे हटाने की कार्रवाई की थी। 4 सितम्बर 2024 को दबाव में आकर प्रशासन द्वारा चारदीवारी तोड़ने की कार्रवाई की जाने की बात कहते हुए राजपूत समाज के लोग पाली में एकत्रित हुए। जो अपनी मांगों को लेकर संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे।

बालोतरा में अवैध कबाड़ी के गोदाम में आग लगी

बालोतरा, (निसं)। भयंकर आग से एक बार फिर दहल उठा मोहल्ला बालोतरा शहर में नीलम सिनेमा के पीछे वार्ड संख्या 28, में अवैध कबाडी के गोदाम में आग की घटना घटित हुई।

अवैध कबाडी रतन लाल पुत्र बाबूलाल खटीक, कांतिलाल पुत्र बाबूलाल खटीक व उनके भाइयों का अवैध कबाड खानो के अलावा 10 और मोहल्ले अवैध गोदाम है। जिसमें प्लास्टिक, लोहा, स्क्रेप, केमिकल ड्रम के कारोबार के अवैध गोदाम बना रखे है। जिसमें हाल ही में 4 सितम्बर 2024 को रात्रि में आग लग गई जिसकी सूचना मोहल्ले वासियों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

जिसपर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में आग पर फायर ब्रिगेड की 45 से 50 गाडियों के फेरे से आग पर काबू पाया जा सका। इन कबाडियों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले केमिकल के ड्रम जिससे पुरे मोहल्ले में प्रदुषण फैल रहा है, जिससे आमजन में श्वास सम्बन्धी बीमारियों का खतरा रहता है। स्क्रेप को काटने और तोडने में इनके द्वारा दिनभर कटर मशीन घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग किया जाता है जिससे वायु प्रदुषण के साथ ही ध्वनि प्रदुषण भी होता रहता है। इनका सारा सामान अतिक्रमण कर रोड पर पडा रहता है जिससें मोहल्ले वासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पडता है।

पूर्व में 12 जून 2006 को इन कबाड़ियों के अवैध गोदाम में आगजनी की घटना घटित हो चुकी है। इस आगजनी की घटना से मोहल्ले में रहवासी मकानों को भी काफी भारी क्षति पहुंची है। अगर समय रहत आग पर काबू नहीं पाया जाता तो शायद मोहल्ले वालों को जान माल का भारी नुकसान भी हो सकता था।

जालोर में बाबा रामदेव का जन्मोत्सव आज

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के तिलक द्वार के अन्दर स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर में 6 सितम्बर भाद्रपद सुदी 2 को बाबा रामदेव का जन्मौत्सव धूमधाम एवं अपार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

बाबा रामदेव मंदिर के हेमेन्द्र कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा रामदेवजी मंदिर में बाबा रामदेव का जन्मोत्सव पर कई कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर प्रांगण में होगे। प्रातः काल पंचामृत से अभिषेक करके प्रतिमा की जाएगी।

दोपहर 1 बजे से की विशेष सजावट विभिन्न महिला मण्डिनयों द्वारा एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

शाम 7.30 बजे से भव्य महाआरती ढोल दमाके, नगाडे, झालर की झनकार, शंखनाद के साथ उपस्थित भक्तों के मध्य की जाएगी।

महाआरती के बाद प्रसार का वितरण किया जाएगा। सभी धर्मप्रेमियों को इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई हैं।

जलभराव क्षेत्रों में कार्य जारी

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने कार्यों का निरीक्षण किया।

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने बुधवार को प्राधिकरण क्षेत्राधिकार स्थित मुख्य सडक मार्गों, प्रमुख नालों एवं जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। जेडीसी चौधरी के निर्देशानुसार मानसून के मद्देनजर समस्त जोन उपायुक्तगण द्वारा भी जोनवार अपने-अपने क्षेत्राधिकार में मौका निरीक्षण कर देखा गया।

निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार ने बताया कि आयुक्त द्वारा अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़कों एवं जलभराव क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान सालावास तनावडा फांटा पर निर्माणाधीन भैरव नाला के पानी को एक अतिरिक्त पम्प लगाकर निकालने के निर्देश प्रदान किए गए।

साथ ही आस-पास के क्षेत्र की गलियों में पानी भरने से रोकने के लिए मिट्टी के कट्टे लगाने के भी निर्देश दिए।

आयुक्त ने रिंग रोड एवं पाल रोड का निरीक्षण कर संबंधित अधिशाषी अभियन्ता को मार्ग में खुले पडे नालों को बंद करवाये जाने को लेकर निर्देशित किया गया।

चौधरी ने पाल मेला रोड पर एक अतिरिक्त पम्प लगाते हुए भैरव नाले के ऑवरफ्लो पानी के नजदीकी गढवा नाडी में शिफ्टिंग के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने भारी बारिश से क्षतिग्रस्त मुख्य मार्गों एवं सडकों को डब्ल्यूबीएम पेचवर्क व मरम्मत कर मोटरेबल करते हुए आवागमन को सुचारू करने के भी निर्देश प्रदान किए।

खीम सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

पोकरण, (निसं)। स्वर्गीय खीमसिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता समापन समारोह पोकरण क्षेत्र के माधोपुरा गांव स्वर्गीय खीमसिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा स्वर्गीय खीमसिंह को पुष्प श्रद्धांजलि देकर टॉस करवा कर परिचय कर मैंच शुरू करवाया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी जी की ढाणी के महंत रावल पुरी जी महाराज, भगवतसिंह प्रधान, आईदानसिंह भाटी भाजपा युवा नेता, विक्रमसिंह भणियाणा जसवंतसिंह सोढा सेवा संस्थान, गफूर खान सरपंच माधोपुरा,पेपसिंह खुहडा, भैरूसिंह पूर्व सरपंच किरालिया, इन सभी का आयोजन कमेटी और ग्राम वासियों ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

फाइनल मैच भैंसडा विरुद्ध फतेहगढ के बीच में खेला गया। फतेहगढ टार्च जीतकर बैटिंग का फैसला लिया पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 72 रन का टारगेट दिया।

भेसडा 7ओवर में ही मैच जीत लिया फाइनल कप अपने नाम कर दिया मुख्य अतिथियों ने विजेता टीम भैंसडा 21000 ट्रॉफी प्रदान की, उपविजेता फतेहगढ को 11000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की।

भाजपा नेता आदानसिंह ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलने और सफल क्रिकेट प्रतियोगिता की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विक्रमसिंह भणियाणा ने बताया कि जैसलमेर और पोकरण क्षेत्र में पहला टूर्नामेंट जो इतना भव्य आयोजन हुआ।

नाश्ता चाय टीमों को बैठने के लिए अलग-अलग टेंट की व्यवस्था खाना पीना आदि अच्छी व्यवस्था की गई।

आयोजन करता, गायडसिंह, निंबसिंह,प्रतापसिंह, सुरेंद्रसिंह , भवानीसिंह, भोमसिंह ,दिलीपसिंह, भवानीसिंह,त्रिपालसिंह, पुखराजसिंह, श्रवणसिंह, मांगूसिंह, मदनजांगिड, रावलसिंह, मदनसिंह,देवीसिंह सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत से जैसलमेर में टॉप टूर्नामेंट करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

भाजपा को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान शुरू

जैसलमेर के भाजपा कार्यालय में प्रदेश मंत्री अनन्तराम विश्नोई ने जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर के पास रामसीन में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के लिए जालोर-सांचौर जिले की जिला स्तरीय शुभांरभ कार्यक्रम बुधवार को सांसद लुंबाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली की अध्यक्षता में भीनमाल विधानसभा के रामसीन गांव में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने भूमिका बताया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में तीसरी बार जीत के बाद, भाजपा के पहले व्यापक जनसम्पर्क अभियान में 10 करोउ.से अधिक सदस्यों को जोड़ने की एक पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनाने की योजना से जोड़ना और संगठित करना हैं। उन्होने बताया कि जिले के प्रत्येक बूथ पर न्युनतम 200 व्यक्तियों को सदस्यता ग्रहण करवानी अपेक्षित हैं, वहीं जिला पदाधिकारी अपने सम्पर्कित 500 व्यक्तियों, मंडल पदाधिकारी अपने सम्पर्कित 300 व्यक्तियों और शक्तिकेंद्र के पदाधिकारी अपने सम्पर्कित 250 व्यक्तियों को सदस्य बनाए और जालोर भाजपा का प्रत्येक बुथ अध्यक्ष अपने बुथ पर 250 व्यक्तियों की सदस्यता ग्रहण करवाएं।

जालोर-सिरोही-सांचौर सांसद लुंबाराम चौधरी ने बताया की सदस्यता अभियान में संगङ्गन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी पूर्ण ऊर्जा से कार्य करने की आवश्यक्ता हैं, अपने कार्यक्षेत्र में सभी कार्यकर्ताओं के साथ लगकर, घर-घर सम्पर्क, बैठकें एवं कार्यक्रमों के माध्यम से अधिकतम व्यक्तियों को सदस्यता ग्रहण करवाने का कार्य किया जाना आवश्यक हैं।

सदस्यता अभियान के संबंध में रानीवाडा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने बताया कि 2 सितंबर से 25 सितंबर तक सदस्यता अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सदस्यता एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सदस्यता ग्रहण के बाद से प्रारंभ को चुका हैं, जिसके अब सभी से सम्पर्क कर, सदस्य बनाने का कार्य करवाना हैं।

इस दौरान विधानसभा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, लोकसभा सांसद लुंबाराम चौधरी, पूर्व रानीवाडा विधायक नारायणसिंह देवल, जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड, जिला उपाध्यक्ष भेरूदान चारण, जिला मंत्री भूरसिंह देवकी, जितेन्द्र सरगरा, इन्द्रसिंह राणावत, डिम्पलसिंह चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसीर खां, आहोर नगर पालिकाध्यक्ष सुजाराम प्रजापत, भाजपा वरिष्ठ नेता शेखर व्यास, मुकेश खण्डेलवाल, शांतिलाल सुथार, केहराराम चौधरी, नाथूसिंह तिखी, प्रकाश जांगू,सहित स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा बनेगी'

जैसलमेर, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की शुरुआत बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों में की गई। जिसके अन्तर्गत जैसलमेर के जिला कार्यालय में प्रदेश मंत्री अनन्तराम विश्नोई ने सभी उपस्थित जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं के मोबाइल से एक साथ मिस्ड कॉल करवाकर सदस्यता ग्रहण करवाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे विश्नोई ने कहा कि भाजपा के संविधान के अनुसार प्रत्येक 6 वर्ष बाद सभी को दुबारा सदस्य बन कर अपना नवीनीकरण करवाना होता है। इसी प्रक्रिया के तहत यह दो माह तक महा अभियान चला कर देश मे 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पहले देश मे 18 करोड़ से भी अधिक सदस्य बने हुवे है जो कई देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। इस बार पार्टी ने समर्पित व निष्ठावान सदस्य बनाने का संकल्प लिया है। हम फिर एक बार विश्व की सबसे बड़ी राजनेतिक पार्टी बनने जा रहे है।

इससे पहले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुवे भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा ने कहा कि संघठन की दृष्टि से जिले को चार भागों में बाटा गया है व उनके सह प्रभारियों को जिले के सभी 24 मण्डल बाटे गये है व इनके 119 शक्ति केंद्र अनुसार जिले के सभी 688 बूथों से 200 सदस्य हर एक बूथ से बनाने का लक्ष्य दिया गया है।

मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार के कार्यक्रम को जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पोकरण विधायक महंत प्रतापपूरी महाराज व जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी ने संबोधित किया।

इस अभियान के जिला संयोजक सवाई सिंह गोगली ने सम्पूर्ण अभियान की जानकारी पर प्रकाश डालते हुवे डेमो द्वारा सभी को सदस्य बनाने की प्रकिया से अवगत कराया ।

मंच संचालन जिला महामंत्री सुशील कुमार व्यास ने किया। कार्यक्रम मे मंचासीन पूर्व विधायक साँगसिंह भाटी व शैतानसिंह राठौड़, जिला संगठन प्रभारी रामस्वरूप गोधा, प्रदेश सदस्य विक्रमसिंह नाचना व कविता कैलाश खत्री, महंत बॉल भारती महाराज, सम प्रधान तनेसिंह सोढा, साकड़ा प्रधान भगवतसिंह तंवर, नगर पालिका पोकरण अध्यक्ष मनीष पुरोहित, पूर्व जिलाध्यक्ष जुगलकिशोर व्यास व स्वरूपसिंह हमीरा, प्रधान मोहनगढ़ कृष्णा चौधरी के अलावा कादर बक्स, पूर्व प्रधान सुनीता भाटी व करुणाकंवर, अभियान सह संयोजक गेमरसिंह, प्रभा चौधरी, संतोष पालीवाल, जितेंद्र माली, मुकेश शर्मा, हिम्मताराम चौधरी, ओम सेवक, खीमाराम सुथार, उदयसिंह भाटी, पवनकुमारसिंह, वीरेंद्रसिंह रामगढ़, समता व्यास, महेंद्र तंवर, कंवराजसिंह चौहान, सुरेंद्रसिंह, तारेंद्रसिंह, अजय राहड़, मुकेश पंवार, मनोहरसिंह दामोदरा, विमला वैष्णव, अरुण पुरोहित के अलावा सभी मण्डल अध्यक्ष, जिलों के पदाधिकारी, मोर्चो व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी जन प्रतिनिधि व बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।